# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 18.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- लोकसभा ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण जी–राम–जी विधेयक 2025 को किया पारित, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मनरेगा को प्रभावी ढंग से किया गया लागू।
- स्वस्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने चिकित्सा पदाधिकारी और विशेषज्ञ डॉक्टरों को सौंपे नियुक्ति पर, राज्य में मेडिकल कॉलेज सहित कई स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कथित शराब घोटाला मामले में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के लगाये आरोप, कहा–मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए।
- गोड्डा में उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो वाहनों से करीब 500 बोतल नकली शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार।
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर खूंटी से साइक्लोथोन रैली को किया गया रवाना, युवाओं में फिटनेस और सामाजिक चेतना बढ़ाने का दिया गया संदेश।

***************

लोकसभा ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण–जी–राम–जी–विधेयक 2025 पारित कर दिया है। एक रिपोर्ट–

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

***************

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण–जी–राम–जी–विधेयक लाए जाने पर कोडरमा के लोगों ने खुशी जाहिर की है। स्थानीय किसान और मजदूरों ने कहा कि नए प्रावधान के तहत अब 100 दिन के बजाय 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, जिससे युवाओं का दूसरे राज्यों में पलायन कम होगा और खेती–बाड़ी के साथ आजीविका को मजबूती मिलेगी।लोगों का कहना है कि विकसित भारत जी राम जी के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देश प्रगति और उन्नति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

***************

राज्य सरकार की ओर से आज रांची के आईपीएच समागार में चिकित्सा पदाधिकारी और विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में जल्द ही रिम्स टू, चार मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, सात हाईटेक लैब और मेडिको सिटी शुरू किए जाएंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।

वहीं नव नियुक्त चिकित्सकों ने नियुक्ति पत्र पाकर खुशी जताई और सेवा भावना के तहत जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

***************

झारखंड के कथित शराब घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जेल में बंद विनय चौबे सिर्फ मोहरा हैं और यह घोटाला सुनियोजित साजिश है, जिसमें बड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। बाबूलाल मरांडी ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

साउंड बाइट–बाबूलाल मरांडी–रांची ऑन सीबीआई जांच–22 सेकेंड

***************

विधान सभा की दो सदस्यीय समिति ने गोड्डा जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समिति के अध्यक्ष एवं विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य सरयू राय ने प्रेस वार्ता में कहा कि डीएमएफटी को छोड़कर जिले में किसी भी विभाग का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। मुख्य सदस्य भाजपा विधायक देवेंद्र नाथ कुंवर भी समिति के साथ मौजूद थे और उन्होंने जिला प्रशासन से सुधारात्मक कदम उठाने का आग्रह किया।

***************

कोल इंडिया के नये चेयरमैन बी. साईराम पद ग्रहण के बाद अपने पहले दौरे पर धनबाद पहुंचे और केंदुआडीह के गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा, पुनर्वास और तकनीकी प्रक्रियाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और राज्य और केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर लगातार निगरानी की जा रही है।

***************

गोड्डा में उत्पाद विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई में दो वाहनों से करीब 500 बोतल नकली शराब बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उत्पाद निरीक्षक नितेश सिन्हा ने बताया कि नववर्ष के मौके पर महंगे दामों पर बेचने की नीयत से नकली शराब भेजी जा रही थी।

***************

लातेहार जिले के पर्यटन स्थलों पर लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ने से वहां के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल रेहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

***************

महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत, साफ—सफाई, पेयजल और आपातकालीन वाहनों की व्यवस्था पर चर्चा की गई। उन्होंने विधि—व्यवस्था, यातायात, जलार्पण, पूजा—अर्चना और रूटलाइन में सभी व्यवस्थाओं को तय समयानुसार पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

***************

जमशेदपुर में नेशनल हेराल्ड से जुड़े यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इस के बावजूद केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

वहीं पलामू में भी जिला कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड प्रकरण में ईडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा जिला कार्यालय के समीप धरना—प्रदर्शन किया।

***************

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर खूंटी ज़िले के तोरपा स्थित संत जोसेफ कॉलेज परिसर से साइक्लोथोन रैली को एसपी मनीष टोप्पो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस साइकिल रैली में एनसीसी कैडेट और एस्कॉर्ट सहित कुल आठ सदस्य शामिल हैं। इस मौके पर एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि साइक्लोथोन युवाओं में सामाजिक चेतना, शारीरिक फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है।

*******समाप्त********